अमर उजाला
26-10-2024

ध्रुव ने फेंसिंग में जीता कांस्य पदक

अंबाला। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल विभाग की ओर सेअंतर-महाविद्यालय फेंसिंग (पुरुष और महिला) प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की टीम का शानदार प्रदर्शन रहा। टीम ने फॉइल और सेबर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइल इवेंट में दूसरा तो सेबर इवेंट में टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। जीएमएन कॉलेज की ओर से प्रतियोगिता में ध्रुव, पीयूष, और संजय ने भाग लिया।

ध्रुव ने व्यक्तिगत श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। जीएमएन कॉलेज के खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने प्रतिभागी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भी पूरी टीम को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। कॉलेज में शुक्रवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग की ओर से डिजी दिवाली उत्सव का आयोजन किया। यह उत्सव ग्रीन दिवाली पर आधारित रहा। इसमें रंगोली, दीया सजावट, ई-कार्ड और रील मेकिंग जैसे 5 सांस्कृतिक और तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए। संवाद